**Nai Dunia (Indore), 15th September 2020, Page-1**

# आइआइएम और आइआइटी मिलकर करेंगे एआइ पर काम

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आइआइएम इंदौर और आइआइटी इंदौर अब मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), एनालिटिक्स और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में काम करेंगे। सोमवार को आइआइएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय और आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. निलेश कुमार जैन के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

दोनों संस्थानों के बीच यह पहला समझौता है। इसका मकसद दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सदस्यों और विद्यार्थियों के बीच संबंधों को मजबूत करना है। इससे दोनों संस्थान स्टार्टअप के लिए भी काम करेंगे। इनके लिए इंक्यूबेशन सेंटर और सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे। प्रो. राय ने कहा कि 21वीं सदी के व्यवसायों के लिए दोनों संस्थान मिलकर काफी कुछ नया दे सकेंगे। प्रो. निलेश जैन ने कहा कि इससे मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग क्षेत्र से संबंधित शोध को गति मिल सकेगी। समझौते के तहत यह भी तय किया गया है कि दोनों संस्थानों के विद्यार्थी मिलकर गतिविधियां आयोजित कर सकते हैं। विद्यार्थियों के बीच ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान बेहतर हो सकेगा।